वी.यू. के कुलपति डॉ. जुयाल की महामहिम से सौजन्य भेंट

माननीया राज्यपाल महोदया को पंचगव्य उत्पाद भेंट करते हुये डॉ. जुयाल

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. प्रयागदत्त जुयाल ने गत दिवस राजभवन में कुलाधिपति एवं महामहिम राज्यपाल महोदया श्रीमति आनंदी बेन पटेल से सौजन्य भेंट की। डॉ. जुयाल ने उन्हें विश्वविद्यालय में संचालित हो रहीं 51 शोध परियोजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। देशी गायों के संरक्षण एवं संवर्धन तथा पंचगव्य उत्पादों के बारे में हो रहे कार्यो में राज्यपाल महोदया ने रूचि ली। भारतीय कृषि अनुसंधान परिशद नई दिल्ली द्वारा तीनों पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालयों जबलपुर, महू एवं रीवा को मान्यता प्रदान करने एवं समस्त कृषि एवं पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालयों में 38 वें स्थान पर आने के लिये प्रसन्नता व्यक्त की।

पंचगव्य उत्पाद भेंट कियेः— इस अवसर पर माननीय कुलपति डॉ. जुयाल द्वारा विश्वविद्यालय में निर्मित पंचगव्य उत्पाद गोबर के गमले, मच्छर कुंडली, हवन सामग्री एवं गौमूत्र भेंट किये।

दीक्षांत समारोह नवंबर 2018 मेंः— माननीय कुलपति डॉ. जुयाल द्वारा नवंबर 2018 में दीक्षांत समारोह आयोजित करने हेतु निवेदन किया।

विभिन्न संस्थानों जैसे आयुर्वेद नेशनल डेरी रिसर्च इंस्टीट्यूट, एग्रीकल्चर स्किल काउंसिल आफ इंडिया आदि से एम.ओ.यू. के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी इसके साथ ही कुलपति महोदय ने राज्यपाल महोदया से विश्वविद्यालय पधारने का आमंत्रण भी दिया।

डॉ. ओ.पी. श्रीवास्तव
सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.चि.वि.वि.
जबलपुर